तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 28 अप्रैल 2025

13 राजिम में चल रही बरसात के पूर्व जाम पड़े नालों को...

14 स्वयं की पहचान समाज और अंतर जातीय विवाह...







खबर संक्षेप

## महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार



**गरियाबंद।** नया सवेरा अभियान के तहत गरियाबंद पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री और तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई करते हुए थाना देवभोग क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में 71 लीटर उड़ीसा प्रांत की कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, 26 अप्रैल 2025 को देवभोग थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम सुपेबेड़ा में एक व्यक्ति अपने घर के बाड़ी में उड़ीसा प्रांत की डबल लाल घोड़ा छाप कच्ची महुआ शराब छिपाकर बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और आरोपी अरविंद कुमार क्षेत्रपाल (45 वर्ष) को 36 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत लगभग 4500 रुपये) के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ शेष पेज 12 पर

# हाथियों की चिंघाड़ से सहमे ग्रामीण जंगल छोड़ नदी किनारे डाला डेरा

**दहशत : वन विभाग मुनादी कर लोगों को जंगल की तरफ नहीं जाने कर रहे हैं अपील**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैनपुर

सिकासार दल से तीन हाथी अलग होकर कल शनिवार को नेशनल हाईवे को पार कर मैनपुर वन परिक्षेत्र में पहुंच चुका है यह हाथियों के दल रात में तेंदुमुड़ा ग्राम के पास नदी किनारे डेरा डाल दिए है। हाथियों के चिंघाड़ से आसपास निवास करने वाले ग्रामीणों में भारी दहशत देखने को मिल रही है। रविवार को हाथियों को देखने बड़ी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ लगी हुई है हाथियों का दल नदी के निचे विचरण कर रहे थे और ग्रामीण उपर बड़े मेढ़ से हाथियों को देख रहे थे। इस दौरान कई ग्रामीणों के द्वारा हाथियों की तस्वीर लेकर सोशल मिडिया में वायरल किया है। ग्रामीण टेलर राम, फगनुराम, ललित नागेश, बीरन सिंह, शांती बाई रेवती बाई, प्रेमलाल ठाकुर, मेहतरी नागेश मनोज कुमार, जिनेन्द्री वरूण कुमार, अहिल्या बाई, जमुना बाई ओमबाई सोरी ने बताया की हाथियों का दल शाम 06 बजे के आसपास फरसरा, धोबीपारा मार्ग से होते हुए तेंदुमुड़ा के पास पहुंचे हैं। रात में शेष पेज 12 पर



### वन विभाग की टीम मुनादी कर दे रही सूचना

हाथियों के दल गरियाबंद वन मंडल के मैनपुर वन परिक्षेत्र में पहुंचने के बाद से वन विभाग के एसडीओ राजेन्द्र सोरी के नेतृत्व में वन परिक्षेत्र अधिकारी छबीलाल ध्रुव, अघन सोरी और वन विभाग की टीम हाथी प्रभावित ग्राम फरसरा धोबीपारा तेंदुमुड़, बोदेला कन्हार, जरण्डी, लुठापार के गांव में पहुंच कर माइक के माध्यम से ग्रामीणों को जंगल की तरफ अकेले नहीं जाने की अपील कर हैं। हाथी मित्र दल के सदस्य भी लगातार गांव -गांव पहुचं कर ग्रामीणों को सूचना दे रहे हैं।

### सिकासार जलाशय की तरफ बढ़ने की उम्मीद

रविवार को सुबह 06 बजे ग्रामीणों ने दूर से हाथियों को देखा। तीन हाथी नदी किनारे विचरण करते दिखें। अभी हाथियों का दल ग्राम तेंदुमुड़ बोदेला कन्हार के आसपास है और ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है कि बोड़ापाला ,जरण्डी, लुठापारा होते हुए सिकासार जलाशय के तरफ बढ़ सकता है।

### शिकार की तलाश में पेड़ पर चढ़ा तेंदुआ, दहशत

**रसेला।** ग्राम पंचायत केवटीझर में एक एक तेंदुआ शिकार की तलाश में ऊंचे पेड़ पर चढ़ गया। पेड़ पर चढ़े तेंदूआ की इस मूवमेंट को आसपास के लोगों ने रिकॉर्ड कर लिया। तेंदूआ पेड पर चढ़कर कुछ ढुढने की कोशिश कर रहा था। तेंदुआ कभी इस तरफ देखता था तो कभी उस तरफ देखता रहा। इससे आसपास के ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। तेंदुआ को देखने लोगों की भीड़ लग गई थी। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग की टीम को दी गई। वन विभाग की टीम वहां पहुंच कर सभी ग्रामीणों को वहां हटाकर अपने अपने घर जाने के लिए कहा गया ताकि तेंदूआ पेड से उतरकर जंगल की ओर जा सकें। तेंदुआ लगातार इस क्षेत्र में नजर आ रहे हैं। हाल ही में कोठी गांव में बच्चे को तेंदुआ हमला किया गया था। ग्रामीणों ने कहा कि हम लोग काम पर जाते हैं, छोटे बच्चे होते हैं उसे घर पर ही बड़े बच्चों के हवाले छोड़ देते हैं। ऐसी स्थिति में अपने बच्चों को ले जा रहे हैं न खुद काम पर जा पा रहे हैं। काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण जंगल में जाने से थोड़ा घबरा रहा है। वन विभाग द्वारा ग्रामीणों को हमेशा सतर्क रहने की सलाह दी गई है।





## मरम्मत व नवनिर्माण के लिए 1.80 करोड़ रुपए का ठेका, अब तक काम प्रारंभ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छुरा

जल संसाधन विभाग द्वारा एक करोड़ 80 लाख रुपए में नए भवन, मरम्मत का टेंडर किया गया है। लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ में हुआ है और एक महीने बाद बरसात प्रारंभ हो जाएगा जिससे कॉलोनी में रहने वाले अधिकारी कर्मचारी को काफी परेशानी होगी। ज्ञात हो की यहां अधिकारी कर्मचारी निवास एवं कार्यालय का निर्माण काफी समय से हुआ है जहां पर छत से पानी का रिसाव हो रहा था। जिसके मरम्मत के लिए राशि जारी हुआ है। जिसमें लगभग 1 करोड़ 70 लाख में दो क्वार्टर एच टाइप का नया निर्माण व पांच जी टाइप का रिवोनेशन कराया जाना है। जिसमें खिड़की, दरवाजा छत, टाईल्स, पुट्टी, बिजली फिटिंग सहित कार्य किया जाना है। उक्त कार्य 11 महीने मार्च 26 तक किया जाना है, लेकिन अब तक कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है जिससे अंदाज लगाया जा सकता है की कार्य की गति क्या होगी? कॉलोनी में पहुंचने का पता चला है कि एक कमरे में टाइल्स लगाने का कार्य प्रारंभ हुआ है। मुख्य ठेकेदार द्वारा स्थानीय ठेकेदार को पेटी ठेका पर सभी कार्य दे दिया गया है जिस पर सिर्फ टाईल्स के लिए कार्य किया जा रहा है बाकी नए निर्माण कार्य हेतु डिस्मेंटल एवं मरम्मत सहित अन्य किसी प्रकार के कार्य अभी प्रारंभ नहीं हुआ है। मुख्य ठेकेदार द्वारा स्थानीय को पेटी ठेका पर दे दिया गया है कार्य बिछड़ने की वजह से समय सीमा पर नहीं होने की संभावना बनी हुई हैं। जल संसाधन विभाग के उपयंत्री विकास ध्रुव ने कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व ही अनुबंध हुआ है जल्द ही कार्य प्रारंभ होने वाला है।



## खबर संक्षेप

### रवि भवन सोमवार को रहेगा एक बजे तक बंद

**रायपुर।** रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी से कहा, पहलगाम में देश के निर्दोष सैलानियों पर आतंकवादियों द्वारा किया गया यह कायराना, बर्बर और अमानवीय हमला पूरे राष्ट्र की आत्मा को झकझोर देने वाला है। इन कायर आतंकियों ने निर्दोष लोगों के खून से धरती को लाल किया है। इस वीभत्स हमले में हमारे अपने रायपुर के युवा व्यापारी दिनेश मिरनिया (अग्रवाल) सहित 26 से अधिक लोगों ने अपनी अमूल्य जान गंवाई। रवि भवन व्यापारी संघ इस जघन्य आतंकी हमले की कठोर शब्दों में निंदा करता है और दिनेश मिरनिया सहित सभी मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करता है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोकाकुल परिवार को इस असीम दुःख को सहने की शक्ति दें। कोर कमेटी के निर्णय अनुसार, समस्त व्यापारी सोमवार को दोपहर 1 बजे तक अपनी दुकानें बंद रखेंगे। 1 बजे ऑडिटोरियम में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित कर दुकानें खोली जाएंगी।

### सिद्धांत ने अध्यक्ष पद की ली शपथ

**रायपुर।** एनआईटी रायपुर के गोल्डन टॉवर में शनिवार को पदभार ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि इशराई के रीजनल डायरेक्टर अमरेंद्र गोस्वामी रहे। नए अध्यक्ष के रूप में सिद्धांत शर्मा ने ISHRAE रायपुर सब चैप्टर की अध्यक्षता की शपथ ली। साथ ही प्रेसिडेंट इलेक्ट के रूप में प्रियांश डस्सानी ने भी शपथ ग्रहण की। सचिव पद पर संध्या सिंह और कोषाध्यक्ष पद पर दिलीप महोबे ने भी अपने पद की जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम की शुरुआत एक पेड़ मां के नाम के रूप में पौधारोपण के साथ हुई, जो पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी देता है। समारोह की अध्यक्षता बीते वर्ष के अध्यक्ष रवि जग्गी ने की। इसी दौरान सोनम माहेश्वरी ने बी टेक्निकल प्रेजेंटेशन भी दिया, जिसमें उन्होंने स्मार्ट एवं सस्टेनेबल एचवीएसी के बारे में चर्चा की। उनकी प्रस्तुति ने सभी का ध्यान खींचा और पर्यावरण-मित्र तकनीकों के प्रति जागरूकता बढ़ाई।

### निजी स्कूल मैनेजमेंट एसो. ने दी श्रद्धाजंली

**रायपुर।** पहलगाम में आंतकियों की गोली का शिकार हुए पर्यटकों को कैंडल जलाकर श्रद्धाजंली अर्पित की है। हाथों में देश की एकता और अखंडता की तख्ती लिये स्कूल प्रबंधन ने इस आंतकवादियों के खिलाफ आक्रोश भी जताया। एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता ने कहा कहा कि ऐसे लोगों को कड़ी सजा मिलनी चाहिये।

### एम्स में क्यूरियन-2025 की शुरुआत

**रायपुर।** एम्स में शैक्षणिक उत्कृष्टता के एक नए अध्याय की शुरुआत हुई, जब संस्थान ने अपने पहले शैक्षणिक महोत्सव क्यूरियन 2025 का उद्घाटन किया। यह महोत्सव नवाचार, नेतृत्व और समग्र छात्र विकास का उत्सव है। कार्यक्रम के कार्यकारी निदेशक अशोक जिंदल, डीन डा. एली मोहपात्रा, डीन परीक्षा डा. अविनाश एस. इंगेल, डीन अनुसंधान डॉ. अभिरुचि गल्होत्रा और डीन छात्र कल्याण डॉ. कृष्णदत्त चावली मौजूद रहे।

# सेवन स्टार रेटिंग की तैयारी, जीएफसी और वाटर प्लस सर्वे करेगी टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



- गांधी सदन में गार्बेज फ्री सिटी, वाटर प्लस सर्वे तैयारी प्रशिक्षण
- रहवासी क्षेत्र और स्लम एरिया में सफाई की होगी परख

रायपुर शहर 7 स्टार रेटिंग की तैयारी में जुट गया है। आने वाले दिनों में दिल्ली से आई टीम राजधानी में गार्बेज फ्री सिटी और वाटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए शहरभर का सर्वे करेगी। इस मूल्यांकन में राजधानी के रहवासी क्षेत्र और झुग्गी बस्तियों में सफाई की धरातल पर परख होगी। इसी सिलसिले में शनिवार को महात्मा गांधी सदन के सभागार में वाटर प्लस सर्वे की तैयारियों के संबंध में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दरअसल, शहर को मुक्कड़ मुक्त बनाने निगम प्रशासन तैयारी में जुटा हुआ है। साथ ही वॉटर प्लस सर्वे को ध्यान में रखते हुए इसकी तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। 10 जोन के स्वच्छ भारत मिशन नोडल अधिकारी, जोनल नोडल अधिकारी, जोनल स्वास्थ्य अधिकारी सहित सहायक नोडल अधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। आगामी कुछ दिनों में दिल्ली से आई टीम जीएफसी और वॉटर प्लस सर्टिफिकेट के लिए रायपुर का सर्वे करेगी। विदित हो, गारबेज फ्री सिटी की श्रेणी में रायपुर शहर को पिछले साल फाइव स्टार रेटिंग मिला। इस बार शहर ने सेवन स्टार रेटिंग सर्टिफिकेट के लिए आवेदन किया है। इसी रेटिंग के लिए सर्वे टीम अलग-अलग मापदंडों पर शहर का आकलन करेगी। स्वच्छ भारत मिशन के कार्यपालन अभियंता रघुमणी प्रधान ने कहा, स्वच्छता सर्वे के दौरान निगम की पूरी टीम ने तत्परता से कार्य किया है। अब दो सर्वे के लिए भी निगम की टीम ने कमर कस ली है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जोन और वार्ड आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वच्छ भारत मिशन के सहायक अभियंता योगेश कडू ने सर्वे से संबंधित तकनीकी और व्यवहारिक पहलुओं के बारे में चर्चा की। उन्होंने कहा कि शहर में सर्वे के मापदंडों के अनुसार नालों की सफाई, हरियाली, शौचालय और स्ट्रीट लाइट सुव्यवस्थित हो। सर्वे में रहवासी और झुग्गी क्षेत्रों की सफाई का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

## सुबह-शाम बरतन लेकर पानी का जुगाड़ करने का टेंशन

# वाल्मीकि नगर, इंदिरा नगर, दुर्गा नगर में गहराया जल संकट, पटरी पार कर पानी लाने का जोखिम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

देश के चुनिंदा 100 शहरों में शामिल रायपुर के वाल्मिकी नगर, इंदिरानगर, दुर्गानगर, खमतराई का शिवनगर ऐसी बस्ती है, जहां आज भी रहवासियों को रेलवे पटरी पार कर पानी के लिए जान जोखिम में डालना मजबूरी बन गई है। नगर निगम के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड में पेयजल संकट के बाद भी जिम्मेदार अधिकारी सुध नहीं ले रहे। वहीं जोन 9 कमिश्नरी क्षेत्र के छोकरानाला के पास बसी बस्ती चंडीनगर में पानी आपूर्ति के लिए खोदे गये 4 बोरेवल का पानी प्रदूषित हो चला है। जोन कमिश्नर का कहना है, ये सभी बोरवेल नाले के पास हैं, इसलिए पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने की व्यवस्था की गई है।

शहर में पारा 43 डिग्री के पार जाने साथ ही तेज गर्मी के चलते रहवासी बस्तियों में पानी संकट से लोग परेशान हैं। नगर निगम जोन 2 के वीरांगना अवंतिबाई वार्ड स्थित वाल्मिकी नगर बस्ती के रहवासी सुबह नल खुलने के समय पानी, गुंडी लेकर रेल्वे पटरी पार कर त्रिमूर्ति नगर जाकर पानी लाते हैं। जान जोखिम में डालकर परिवार के लिए पेयजल की व्यवस्था करना उनकी मजबूरी है। नगर निगम के अधिकारियों से उन्होंने पेयजल समस्या को लेकर शिकायत भी की है, इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हुई। इसी तरह इंदिरा नगर, शिवनगर खमतराई, दुर्गानगर में पानी की समस्या दूर करने टैंकर भेजा जा रहा है।

## चंडी नगर में बोर का पानी दूषित



### बोर का पानी दूषित, चंडीनगर में टैंकर

जोन 9 क्षेत्र स्थित छोकरानाला के समीप स्थित चंडीनगर में जल आपूर्ति के लिए 4 बोरवेल का खनन कराया गया। बोर का पानी दूषित होने से पीलिया की शिकायत आने पर इन बोरवेल को बंद कराया गया। रहवासी बस्ती में नगर निगम अब पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाने में लगा है। 30 मार्च से यह स्थिति बनी हुई है।

### महापौर के पुराने वार्ड में पानी की किल्लत, समीक्षा बैठक में पार्षद को नहीं बुलाया

डॉ. खूबचंद बघेल महापौर मीनल चौबे का पुराना वार्ड रहा है, इस वार्ड के रहवासी बस्तियों में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। गणपति नगर, महादेव नगर, करण नगर, डेयरी मोहल्ला में लोग पानी के लिए तरस गये हैं। हाल ही में जोन 5 कार्यालय में जोन अध्यक्ष की मौजूदगी में पेयजल समस्या को लेकर वार्ड पार्षदों और जल विभाग के अधिकारियों की बैठक बुलाई गयी। इस बैठक में वार्ड पार्षद दुर्गा-यादराम साहू को नहीं बुलाया गया। इससे वार्ड पार्षद नाराज हैं, उनका ये भी कहना है, जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में नगर निगम 4 टैंकर पानी आपूर्ति के लिए भेज रहा है, जो कि जल संकट की विकरालता को देखते हुए कम है। कम से कम 5 पानी टैंकर की व्यवस्था जरूरी है, पानी आपूर्ति करने वाले ठेकेदार के रवैये को लेकर भी वार्ड पार्षद ने नाराजगी जताई है।

### भनपुरी में 2 पानी टंकी फिर भी नल की धार पतली

भनपुरी में 10 लाख लीटर की पुरानी पानी टंकी और 30 लाख लीटर नई पानी टंकी से जल आपूर्ति होने के कारण पिछले साल पानी टैंकर भेजने की जरूरत नहीं पड़ी थी। इस बार मार्च माह से ही बंजारी माता वार्ड के रामेश्वर नगर, केबिनपारा के 700 मकानों में किराये के पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। पूर्व पार्षद नागभूषण राव ने कहा निगम अधिकारियों की लापरवाही की वजह से नलों में पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं आ रहा है। इसी तरह यतियतन लाल वार्ड के भनपुरी स्थित विजय नगर, बुनियाद नगर, टिंबर मार्केट एरिया के 1 हजार आवास जो पिछले बार टैंकर फ्री रहे इस बार पानी टैंकर भरोसे हैं।

## मालवाहकों में बेखौफ ढोए जा रहे यात्री...






**मैनपुर।** इन दिनों बारात में यात्री ढोने के लिए मालवाहक वाहनों का इस्तेमाल किया जा रहा है, इनके दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा है जिससे सवारियों की जान भी जा सकती है। जिम्मेदार विभाग के अधिकारी इस ओर से आंखे मूंदे हुए हैं, जिससे वाहन चालक बेखौफ यात्री ढो रहे हैं। शादी सीजन का दौर प्रारंभ हो गया है। लोग मालवाहक वाहनों का उपयोग कर रहे हैं। वहीं बारात के लिए भी लोग मालवाहक वाहनों का उपयोग कर रहे हैं, जिसमें यात्री ठूस-ठूंस कर भरे होते हैं। ज्यादारत समय यात्रा रात के समय होती है लोग कई अवसरों पर दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं।

# जिपं सदस्य एवं जनपद सदस्य ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी की मन की बात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पाण्डुका



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात बूथ क्रमांक 224 ग्राम अतरमरा में जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, जनपद सदस्य दुलारी साहू एवं कार्यकर्ताओं के साथ मासिक रेडियो कार्यक्रम मोदी जी के मन कि बात 121 वीं कड़ी का श्रवण किया गया। इस अवसर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरे देशवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि दंतेवाड़ा का विज्ञान केंद्र आज पूरे देश का ध्यान आकर्षित कर रहा है। जहां बच्चों को थ्री-डी प्रिंटर, रोबोटिक कार जैसी अत्याधुनिक तकनीकों से परिचित कराया जा रहा है तथा बच्चों का तकनीक के प्रति यह जुड़ाव भारत के उज्जवल भविष्य की दिशा को दर्शाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवा तेजी से सांइस, टेक्नोलॉजी और इनोवेशन की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं उन्होंने कहा कि वे इलाके जो कभी पिछड़ेंपन और हिंसा के लिए पहचाने जाते थे अब नवाचार के केंद्र बन रहे हैं। उन्होंने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में आतंकवादी के खिलाफ इस युद्ध में देश कि एकता के लिए अपना संकल्प मजबूत कर साजिशकर्ताओं और अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलेगी।

# फूलझर के सेवानिवृत प्रधान पाठक सुखदेव को दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर



ग्राम फूलझर मे 16 वर्षों तक सेवा देने वाले प्रधान पाठक सुखदेव निषाद को सेवानिवृत होने पर विदाई दी गई। वहीं पर शाल श्रीफल गमछा, मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। अनुशासन प्रिय मिलन सार शांत स्वभाव और सबसे मधुर भाव रखने वाले प्रधान पाठक निवासी ग्राम खुटेरी विकासखण्ड फिन्गेश्वर के सुखदेव निषाद को ग्राम फुलझर विकास खण्ड छुरा के पूर्व माध्यमिक शाला में 16 वर्षों तक सेवा देने के पश्चात 25 अप्रैल को शाला विकास समिति और शाला स्टाफ की ओर से भावभीनी विदाई दिया गया। इस दौरान प्रभारी प्रधान पाठक टीआर साहू, हरिराम नागरची संकुल प्रभारी कर्ण सिंह कमार, शिक्षक एवन कुमार साहू, टुकेश्वर साहू, कुम्हार पारा खदराही के प्रधान पाठक यशवंत निर्यलकर सेवा निवृत चपरासी जीवन साहू, ग्राम प्रमुख तारण सिंह ध्रुव, संतु राम ध्रुव शाला प्रबंधन विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष शिक्षा विद प्रमुख गौकरण मानिकपुरी, अध्यक्ष रोहित यादव, तत्कालीन अध्यक्ष यश कुमार साहू, पूर्व उपसरपंच हरिश्चंद्र तारक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंगा साहू, लता ध्रुव, ग्राम के वरिष्ठ जनों में चौतू राम ध्रुव, कंवल राम ध्रुव, कोटवार कैलाश गंधर्व, नेमिन बाई, सफाई कर्मी राजकुमार विश्वकर्मा, रसोईया दुलसिरया ध्रुव, दीपा बाई कंवर, देवकी गोस्वामी, कलिन्द्री बाई ध्रुव आदि उपस्थित रहे।

# चेमन की अग्नि वीर ट्रेनिंग विदाई में ग्रामवासियों का उमड़ा सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुईहा बेलर



एक ओर गम और दूसरी ओर खुशी विश्वकर्मा परिवार के साथ साथ ग्राम वासी बोड़की वालों पर आया है। देश सुरक्षा सेवा सैनिक में भेजना मतलब अपने दिल का टुकड़ा अलग करना है अर्थात अपने दिल को कठोर बनाकर कर रखना पड़ेगा।



निर्धन परिवार में जन्मे, शिक्षा के क्षेत्र में सदा अग्रणी रहने वाले वर्तमान शैक्षणिक काल में देश सेवा की भावना रखने वाले चेमन विश्वकर्मा यह साबित कर दिखाया कि हौसला है तो सब कुछ है। इसी सिद्धांत को लेकर देश सेवा की जज्बा रखने वाले ग्राम बोड़की निवासी ललित उर्मिला विश्वकर्मा की पुत्र चेमन विश्वकर्मा की नियुक्ति अग्नि वीर में विगत दिनों हुई है। रविवार को समय 3 बजे ग्राम बोड़की से अग्नि वीर में ट्रेनिंग के लिए भोपाल के लिए नम आंखों से विदाई देने पूरा बोडकी गांव उमड़ पड़ा। जिसमें ग्राम पंचायत बोड़की के सरपंच नेतराम सिन्हा, पूर्व सरपंच भाजपा नेता रामजी साहू, सचिव गोवर्धन सेन, पंच भोजराम साहू, विशाखा सिन्हा पंच प्रतिनिधि चमन ध्रुव, नेतराम सिन्हा एवं ग्रामवासी ग्राम पटेल होरी साहू, बेदराम साहू, परमेश्वर साहू, डायल ध्रुव, त्रिलोक ध्रुव, डोमन साहू, लेखन पटेल, मदन यादव, केवल विश्वकर्मा, मिथिलेश विश्वकर्मा, चेमन विश्वकर्मा, ग्राम की महिलाएं भारी संख्या में उपस्थित नं उनके लिए मंगल कामना किया।

### छग के प्रथम सीएम अजीत जोगी की जयंती 29 को

**रायपुर।** रायपुर जिला ग्रामीण जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के अध्यक्ष माखन ताम्रकार के नेतृत्व में 29 अप्रैल को अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के राज्य के प्रथम मुख्यमंत्री स्व. अजीत जोगी की 79वीं जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर शासकीय अस्पताल अभनपुर में मरीजों को फल वितरण, दिनभर सेवाभावी कार्यक्रम सहित अनेक आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस जयंती कार्यक्रम में पार्टी की सुप्रीमो डॉ. रेणु जोगी तथा प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी शामिल होंगे।

## पेज 11 के शेष...

### महुआ शराब के साथ...

धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 112/2025 दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। इसी क्रम में, 27 अप्रैल 2025 को ग्राम केकराजोर के पास मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने एक अन्य आरोपी तोरण नागेश (22 वर्ष) को 35 लीटर कच्ची महुआ शराब (कीमत लगभग 3500 रुपये) के साथ पकड़ा। उसके खिलाफ भी धारा 34(2) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत अपराध क्रमांक 113/2025 दर्ज किया गया। दोनों मामलों में कुल 71 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जिसकी अनुमानित कीमत 8000 रुपये है, जब्त की गई। पुलिस ने दोनों आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस कार्यवाही में थाना देवभोग पुलिस टीम की विशेष भूमिका रही।

### हाथियों की चिंघाड़ ...

भारी झमाझम बारिश होने से हाथी बहुत चिंघाड़ लगा रहे थे। हथियों का चिंघाड़ ग्रामीणों को घर के भीतर से सुनाई दे रहा था लेकिन ग्रामीण इतना ज्यादा दहशत में थे कि कोई घर से बाहर नहीं निकले।

## 155 प्राथमिक शाला में पढ़ई तिहार आयोजित

# अंगना म शिक्षा कार्यक्रम में माताओं की अहम भूमिका : बीईओ जोशी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| फिंगेश्वर




अंगना म शिक्षा पढ़ई तिहार, कार्यक्रम के तहत फिंगेश्वर ब्लाक के सभी 155 प्राथमिक शाला में पढ़ई तिहार का आयोजन किया गया। इस क्रम में प्राथमिक शाला देवारपारा फिंगेश्वर में भी कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसके निरीक्षण करने पहुंचे विकास खंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी ने कहा कि बच्चों के शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक विकास मे यह कार्यक्रम मिल का पत्थर साबित हुआ है क्योंकि माताएं अपने घर में ही स्थानीय वस्तुओं से बच्चों को अध्यापन करा सकते हैं। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के विकास खंड नोडल धनेश्वरी सिन्हा ने बताया कि माताओं और आंगनबाड़ी के बच्चों को इस कार्यक्रम मे शामिल करने का यह उद्देश्य है कि माताएं अपने घर में ही बच्चों को स्थानीय स्तर पर अंक पहचान, शब्द पढ़ना, खेल खेल में सीखा सकते हैं और बच्चे भी पूरे उत्साह के साथ इसमें शामिल होंगे। फिंगेश्वर संकुल समन्वयक अशोक सोनवानी ने माताओं से कहा कि ''अंगना म शिक्षा कार्यक्रम ग्रीष्म कालीन अवकाश में बच्चों को शैक्षणिक कार्यों से जोड़े रखने के लिए कारगर साबित होगा।अंगना म शिक्षा कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए स्कूल में शिक्षिका सुरेखा पटेल के द्वारा सपोर्ट कार्ड, संकलन प्रपत्र और नौ काउंटर्स बनाए गए थे। प्रत्येक काउंटर्स में उनकी माताओं को बच्चों के साथ बैठाया गया और प्रत्येक काउंटर के अनुसार गतिविधि कराई गई। काउंटर एक में डाटा संकलन प्रपत्र भरवाया गया। काउंटर नंबर 2 में संतुलन बनाकर चलना रस्सी कूदने जैसा खेल आयोजित था।काउंटर नंबर 3 में शारीरिक व क्रियात्मक विकास पेपर फोल्डिंग करना जैसे की पानी जहाज, हवाई जहाज,नाव बनाने शामिल किया गया था।

**विविध गतिविधि कराई गई-** इसी तरह काउंटर नंबर 4 में बौद्धिक विकास रंग की पहचान करना एवं चित्रों को मिलान करना, काउंटर नंबर 5 कि बौद्धिक विकास से लगा कर वर्गीकरण एवं क्रम से लगाना जैसे घर के समान गिलास, कटोरी, चम्मच उनको एक क्रम से लगाना और अलग-अलग करना था। काउंटर नंबर 6 भाषा विकास चित्र वाचन व अक्षर, शब्द अनुच्छेद पढ़ना, काउंटर नंबर 7 गणित पूर्व तैयारी जैसे आकार का पहचान गिलास का कार्य कैसा है, बेलन चौकी का आकार कैसा है,थाली का आकार प्लेट का आकार किताब कॉपी पुस्तक का आकार पहचाना आदि कार्य कराए गए। कार्यक्रम के अंत में प्रधान पाठक सतीश सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र जोशी, संकुल समन्वयक अशोक सोनवानी, अंगना मां शिक्षा ब्लॉक नोडल धनेश्वरी सिन्हा, प्रधान पाठक सतीस कुमार सोनी, शिक्षिका सुरेखा पटेल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दुर्गा माताएं रानी, आरती, दुर्गेश्वरी, छमा, चंद्रबाई, सकुनतला, संतोषी, सुनीता, सुल्फा, अंजना शामिल हुए।

## खबर संक्षेप



### किसान मजदूर संघर्ष समिति ने कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

**मैनपुर।** किसान मजदूर संघर्श समिति उदंती क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल गरियाबंद कलेक्टर से मूलाकात कर क्षेत्र के विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया और विद्युत विहिन ग्राम पंचायत साहेबिनकछार, जागड़, तौरेगा, अमाड में विद्युत लगाने मुख्य मार्ग बम्हनीझोला से ओड़िसा सीमा कोदोमाली तक पक्की सड़क, जुगाड़ से अमाड़ मोतीपानी तक सड़क निर्माण, डूमरपड़ाव से कुरूभाठा पयलीखंड तक सड़क निर्माण, तौरेंगा में आदिवासी कन्या छात्रवास प्रारंभ करने एवं लंबित व्यक्तिगत वनअधिकार पत्रे को त्वरित निराकरण करने की मांग किया गया इस मौके पर प्रमुख रूप से गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के अध्यक्ष्य टीकम नागवंशी, पूर्व सरपंच रूपसिंह मरकाम, अर्जून नायक, रूपेन्द्र सोम व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### आतंकवादियों का पूर्ण खात्मा होः सुधीर राजपूत

**मैनपुर।** ग्राम पंचायत मैनपुरकला के उपसरपंच सुधीर राजपूत ने पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा मारे गए समस्त लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस घटना की निंदा की है। श्री राजपूत ने कहा कि अब समय आ गया हैआतंकवादियों को सबक सिखाने का।



आतंकवादियों को शरण देने वालों पर भी कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिये। आतंकवादियों को पनाह देने वाले, आतंकवादियों को पैदा करने वाले पाकिस्तान से इस घटना का बदला लिया जाना चाहिये। इस घटना से देश की जनता में अक्रोश है। इस घटना में जहाँ देश के विभिन्न राज्यों के 28 लोग मारे गए हैं वही उनमें रायपुर शहर के स्टील कारोबारी दिनेश मिरानिया की भी हत्या हुई है। इस दुख की घड़ी में हम उनके साथ है। श्री राजपूत ने कहा कि आतंकवादियों का देश से पूर्ण खात्मा होना चाहिये। पूरा देश इस घटना से सदमे में है। कई घरों में शोक व्याप्त है। किसी का बेटा, किसी का भाई, किसी का पति मारा गया है। आखिर भारत में कब तक बेगुनाह लोगों का खून बहता रहेगा, कब तक लोग आतंकवादियों की गोलियों का शिकार होते रहेंगे। अब समय आ गया है आतंकियों को जवाब देने का, गोलियों का जवाब गोलियों से दिया जाये।

### देश में अहिंसा का कोई स्थान नहीं : बजाज

**अभनपुर।** अयोध्या में भव्य राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा तथा विश्व पटल पर भारत की बढ़ती साख के चलते पाकिस्तान बौखलाहट में आतंकवादी गतिविधियों के माध्यम से भारत में राजनैतिक अस्थिरता पैदा करना चाहता है। उक्त उदगार भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने ग्राम जुलुम एवं कन्हेरा में आयोजित रामचरित मानस गान कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राम व कृष्ण के है। इस अवसर पर जिला पंचायत के सभापति अन्नू तारक ने कहा कि पहलगाम के हमले से पूरा देश आक्रोश में है तथा इस घटना की जितनी निंदा की जाय कम है।

# राजिम में अक्ति लग्न पर विवाह की धूम, हर नगर-शहर में मैरिज हॉल फुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम


छत्तीसगढ़ में शादियों के लिए अक्ति लगन का विशेष महत्व है। छत्तीसगढ़ के लोग शादियों के लिए इस लग्न का इंतजार करते हैं। हिंदू रीति के अनुसार अक्ति लगन को बहुत ही शुभ एवं फलदायी माना गया है। हिंदू धर्म में पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन किए गए कार्य का क्षय नहीं होता। विवाह एवं मांगलिक कार्यों के लिए यह दिन श्रेष्ठ माना गया है। बता दे कि इस वर्ष 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया है। नवापारा, राजिम एवं आसपास के सभी गांव में 30 अप्रैल को भारी संख्या में शादियां होगी। खासकर छत्तीसगढ़ के किसान खरीफ की फसल काटने के बाद बाजार में धान बेचकर गर्मी सीजन में शादियां करने का रिवाज है। इस समय अधिकतर किसान खाली रहते है। स्कूली छात्र-छात्राओं की गर्मी की छुट्टी रहती है। इसलिए भी पूरा परिवार रिश्तेदारों के यहां शादी में शामिल होते है। 30 अप्रैल को अक्ति लग्न लग्न की शादी के लिए नवापारा एवं राजिम के सभी शादी भवन बुक है। इस दिन किराया भंडारों में कुर्सी,बर्तन पंडाल, डेकोरेशन के समान की बुकिंग फूल है। बारात एवं चौथिया कार्यक्रम में जाने के लिए कार, बस, स्कॉर्पियो जैसे वाहनों का टोटा रहेगा। जयमाला एवं फूल की दुकानों में एडवांस बुकिंग चल रही है। नगर के सभी बैंड, धूमाल, बाजा 30 तारीख में खाली नहीं है।

## फूल, जयमाला, डेकोरेशन, बाजा, धूमाल, बस, कार टैक्सी का रहेगा टोटा



### अक्षय तृतीया के दिन गुड्डी- गुड़िया एवं आम पेड़ के शादी की परंपरा

छत्तीसगढ़ में अक्षय तृतीया के दिन घरो-घर में गुड्डे गुड़िया की शादी करने की परंपरा है। नवापारा के कुम्हार हटरी एवं सुभाष चौक के बाजार में पुतरा-पुतरी के पसरे सजे हुए है।



पौराणिक मान्यता है कि भगवान शिव और पार्वती का विवाह इसी दिन हुआ था। इस दिन गुड्डे-गुड़ियों की शादी का आयोजन करके इस शुभ अवसर का स्मरण किया जाता है। अक्षय तृतीया के दिन आम के पेड़ की शादी का आयोजन भी किया जाता है। आम के पेड़ की शादी सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु के प्रतीक के रूप में किया जाता है। फल लगने के पूर्व आम के पेड़ की शादी की जाती है। आम का पेड़ फल एवं फूल देना वाला है। यह मान्यता है कि आम के पेड़ मंगल ग्रह का प्रतिनिधित्व करता है और इसलिए शादी जैसे शुभ कार्य में आम के पेड़ की पूजा की जाती है।

**मुहिम : जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर बंद पड़े नालों की सफाई का काम शुरू**

# राजिम में चल रही बरसात के पूर्व जाम पड़े नालों को साफ करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

बरसात में होने वाली परेशानियों को देखते हुए राजिम नगर पंचायत का अमला अभी से कार्ययोजना बनाकर नालो की सफाई करने में जुट गई है। बरसात के दिनों में प्रायः शहर के कुछेक हिस्सों में बारिश का पानी ठहर जाता है इससे बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे जल भराव वाले स्थानों को चिन्हित कर बंद पड़े नालों की सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। जिससे बरसात में जलभराव एवं जाम की स्थिति निर्मित न हो। हालांकि बारिशकाल अभी दो महिना बाद है। राजिम नगर के कई ऐसे स्थान मसलन शिवाजी चौक,बस स्टेण्ड गरियाबंद मार्ग,जहां सड़क पे बारिश होते ही जलभराव से न केवल परेशानी होता है बल्कि आवागमन भी एक तरह से प्रभावित होता है। इससे लोगो को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बता दें कि नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव, सीएमओ मनीष गायकवाड़ एवं निर्वाचित पार्षदों ने इन परेशानियो को ध्यान में रखते हुए अभी से ही नालों की सफाई शुरू कर दी है। इसी कड़ी में गरियाबंद मार्ग पर सबसे पहले नाले की सफाई की गई। आगे भी अध्यक्ष महेश यादव, उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर एवं पार्षदगण ,पालिका के अमले के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने की योजना बनाई है।



### सफाई कर्मी नगर पंचायत की रीढ़ : महेश

अध्यक्ष महेश यादव ने इस संबंध में कहा कि नालों की साफ-सफाई में कर्मचारी एवं पालिका अमला लगे हुए है। सफाई कर्मचारी नगर पंचायत की रीढ़ है। राजिम में सभी बंद एवं जाम नालों को सुध लेकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सफाई कर्मचारियों का अमूल्य योगदान है। शहर के सभी लोगो से मेरा विशेष अनुरोध है कि नगर के नाम एवं वैभव के अनुरूप स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।

### जलभराव से निजाद के लिए किए जा रहें कार्य : मनीष

राजिम नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी मनीष गायकवाड़ ने कहा कि धर्म नगरी राजिम को साफ सुंदर एवं स्वच्छ बनाना है। राजिम को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए लगातार स्वच्छता एवं सफाई के कार्य किए जा रहे हैं। बरसात में जल भराव की समस्या ना हो इसके लिए नालों की सफाई की जा रही है। श्री गायकवाड़ ने नगरवासियों से अपील की है कि कचरा यहां-वहां न फेंके। सभी चौपाटी, होटल, ठेले एवं दुकानदारों से उन्होने कहा है कि अपने दुकान से फेंके जाने वाले कचरे को डस्टबिन में इकट्ठा करें। राजिम नगर स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में अपना अमूल्य योगदान दे।



# बैठक में सामाजिक व्यवस्था एवं संस्कृति को बचाए रखने की अपील

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

■ अमात गोंड समाज छुरा राज की विशेष बैठक ग्राम चितामाड़ा में हुई

अमात गोंड समाज छुरा राज की विशेष बैठक ग्राम चीतामाड़ा में विवार को सम्मान हुआ। बैठक के सभापति के रुप में तिरुमाल यशपेन्द्र शाह एवं विशेष आसंदी पर तिरुमाल अलाल सिंह नागेग, रणजीत सिंह ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य कृषि सभापति लेखराज धुर्वा, बिसेराम ठाकुर, खामसिंह नेताम, बुधराम मरकाम, तिहार सिंह नेताम, मूलसिंह ठाकुर, बालचंद नेताम, छत्तर सिंह ठाकुर, सुदामा ठाकुर विराजमान थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए समस्त अतिथियों द्वारा समाज को शिक्षा संस्कार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए विचार रखे तथा सामाजिक एकता एवं समाज में महिलाओं की सहभागिता की सराहना की गई तथा समाज में हो रहे कुछ सामाजिक घटनाओं पर खेद व्यक्त करते हुए सामाजिक व्यवस्था एवं संस्कृति को बचाए रखने की अपील की गयी। इस विशेष सामाजिक बैठक में प्रमुख रूप से रामगोपाल मरकाम, दारा सिंह मरकाम, रामचरण नागेश, परसराम ठाकुर, गोपीराम नागेश, लच्छन नेताम, घनश्याम नागेश, चंद्रिका नागेश,नरोत्तम सिंह ठाकुर,गंगा राम सोरी,महेशराम सोरी, हुमेश्वर ओंटी, कांतू नागेश खुटैत, चमन नेताम, गजेंद्र ठाकुर, अमृत नागेश, समाजदूत चंदू राम ओंटी सर्कल छुरा समाज, नंदलाल सर्कल कछारपट्टी राज समिति महिला प्रभाग उपाध्यक्ष गुंजा दाऊ महिला प्रभाग सर्कल अध्यक्ष, श्याम बाई नागेश, सदस्य एवती ठाकुर, लल्लेश्वरी नागेश कार्यक्रम का संचालन सेवक राम ठाकुर एवं महेश राम नागेश द्वारा किया गया। सैकड़ों के तदात में समाज के महिला पुरुष उपस्थित रहे।

# भाजपा की सरकार सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कर रही कार्य : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

■ मैनपुर पहुंची सांसद रूप कुमारी का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी शनिवार को सुबह 11 बजे जैसे ही मैनपुर पहुंचे भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमाला के साथ जोरदार स्वागत किया। इस दौरान लोक निर्माण विभाग विश्रामगृह में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर केन्द्र व राज्य सरकार की योजनाओं को जनजन तक पहुंचाने और ग्रामीणों को ज्यादा से ज्यादा योजनाओं का लाभ दिलाने की अपील किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनील चन्द्राकर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, वरिष्ठ भाजपा नेता आसीफ मेमन, नरोत्तम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव उपस्थित थे।

सांसद ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। इस दौरान राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र से पहुंचे प्रतिनिधि मंडल ने शोभा सरपंच घनश्याम मरकाम के नेतृत्व में एक मांग पत्र सौप कर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के 8 ग्राम पंचायतों में बिजली लगाने नेशनल हाईवे एवं राजापड़ाव मार्ग को जोड़ने राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र के नदी में पुल निर्माण, गरहाडीह से चिपरी होते हुए गरीबा तक प्रधानमंत्री सड़क निर्माण की मांग प्रमुखता के साथ किया। मैनपुर के सरपंच हनिता नायक ने आवेदन देकर मैनपुर मुक्तिधान जयंतीनगर के किनारे पक्की नाली निर्माण और सीसी रोड़ की मांग किया। ग्राम हरदीभाठा की महिलाओं ने तेंदुपत्ता तोड़ाई में आ रही परेशानियों से अवगत कराते हुए समस्या समाधान करने की मांग किया। इस दौरान क्षेत्र से पहुंचे ग्रामीणों ने कई समस्याओं से सांसद को अवगत कराया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनील चन्द्राकर, जिला उपाध्यक्ष योगेश शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोश यादव,युवामोर्चा अध्यक्ष महेश क”यप, दुलार सिंन्हा,रामस्वरूप साहू, सरीता ठाकुर, नरोत्तम साहू, दीलीप साहू, विशेषर सिक्का,गोविंद नायक, रामदास वैष्णव उपस्थित थे।

### गोहरापदर में भाजपा कार्यकर्ताओं की बैठक में हुए शामिल



मैनपुर विकासखंड के ग्राम गोहरापदर में भाजपा मंडल गोहरपदर एवं कांदाडोंगर मंडल की बैठक आयोजित हुआ जिसमें सांसद रूप कुमारी चौधरी शामिल हुए और भाजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्र के लोगों से मुलाकात किया। साथ ही क्षेत्र के समस्याओं के समाधान का अश्वासन दिया। क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा की केन्द्र और राज्य के नरेन्द्र मोदी सरकार निरन्तर प्रदेश और देश के विकास के लिए कार्य कर रही है। आज गांव-गांव गरीबों का पक्का मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण किया जा रहा है। नारी सशक्तिकरण के दिशा में विभिन्न योजना संचालित किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्तव में देश तेजी से विकास के पथ पर बढ़ रहा है। इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन सिंह मांझी, पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष आसिफ मेमन, योगीराज माखन कश्यप, धनराज विश्वकर्मा, गुरुनारायण तिवारी, भोजराज सिन्हा, नवीन मांझी, मनीष सिन्हा, निर्भयसिंह ठाकुर, चौनसिंह कश्यप, तानसिंह मांझी, दिनेश नागेश, रुपसिंह उपस्थित थे।

# पहलगाम के आतंकी हमला में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर





नागरिक विकास संघर्ष समिति के तत्वाधान मे रानी श्यामकुमारी चौक फिंगेश्वर में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी घटना में मारे गए नागरिकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हुए मृत लोगों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। वहीं पर उपस्थित लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए।

श्रद्धांजलि कार्यकम में भारत माता के सामने दीप प्रज्वलित कर आंतकी घटना से मौत होने वाले लोगों को दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर नागरिक संघर्ष समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने कहा कि 22 अप्रैल को काश्मीर के पहलगाम में हुए आंतकी घटना से देश के 27 लोगों की मौत ने हम सभी को झकझोर के रख दिया है। यह घटना पाकिस्तान देश के द्वारा प्रयोजित किया गया था जिसे भारत के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। आज हम सभी उन मृत आत्मा की शांति के लिए यहां पर एकत्रित हुए हैं। हम सभी चाहते हैं कि भारत इस आतंकी देश पाकिस्तान का मुंह तोड़ जवाब दे। जब तक इस आंतकी घृणित कार्यवाही का बदला भारत नहीं लेगा तब तक भारतवासी के दिल मे चैन नहीं रहेगा। हम प्रधानमंत्री मोदी जी से चाहते है कि पाकिस्तान पर कड़ी कार्यवाही करते हुए उन आंतकी और उनके आकाओं को जमींदोज करे।इस अवसर पर नगर पंचायत के अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू हरित, संतोषी श्रीवास्तव, पदमा यदु, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपक श्रीवास, अशोक साहू, किरणेश सोनी, शिवकुमार सिंह ठाकुर महावीर यादव,हरिशंकर श्रीवास्तव,पत्रकार जितेन्द्र शर्मा,ईमरान खान, सलीम खान, योगेश ठाकुर, दीपक पोद्दार, अशोक सिन्हा, कमलेश कश्यप आदि गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# विश्राम गृह के 50 साल पूरे, नए भवन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ छुरा

■ शासकीय कार्यक्रम के संचालन में हो रही समस्या

लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय में विश्राम की व्यवस्था की गई है साथ-साथ जिलों में लोक निर्माण विभाग के अलावा वन विभाग में भी विश्राम गृह की व्यवस्था है किंतु ब्लॉक मुख्यालय में सिर्फ लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह है जिसके कारण से आने जाने वाले सहित शासकीय कार्यक्रम के संचालन में काफी परेशानी आ रही है ,नगर में 50 साल पूर्व लोक निर्माण विभाग के द्वारा विश्राम गृह का निर्माण किया गया था जो अब काफी पुराना हो गया है ,साथ साथ शासन के अनुसार भी किसी भी भवन की अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष होती है उसके पश्चात भवन को कमजोर माना जाता है, यहां के विश्राम गृह का उद्घाटन पूर्व मुख्यमंत्री श्याम चरण शुक्ल के द्वारा 25 अप्रैल 1976 को किया गया ,यहां पर दो कमरे, बरामदा और एक हाल है उसमें से एक कमरों को स्थानीय विधायक, सांसद कलेक्टर के लिए आरक्षित होता है और बाकी के लिए सिर्फ एक कमरा है जिसमें भी आए दिन कोई ना कोई अस्थाई रूप से अधिकारी निवासरत रहते हैं उसके अलावा यहां सिर्फ भोजन के लिए हाल और बरामदा उपलब्ध रहता है जिससे अन्य संगठन एवं शासकीय कार्यक्रमों के लिए जगह उपलब्ध नहीं होता विशेष कर उन लोगों को जो बाहर से आते हैं और रात्रि विश्राम करना हो उन्हें जगह नहीं दे पाता ,आज से 50 साल पहले की आवश्यकता के अनुरूप भवन का निर्माण किया गया था।

### 10 कमरों का विश्राम गृह की जरुरत



अब वर्तमान में जनसंख्या कई गुणा अधिक हो गया है साथ-साथ शासन प्रशासन के विभिन्न कार्यालय में खुल चुके हैं तो विभिन्न अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों का लगातार आना होता है किंतु उन्हें भी पर्याप्त सुविधा नहीं मिलने की वजह से रात्रि को गरियाबंद या राजिम की ओर जाना पड़ता है। 50 साल होने के कारण उन्हें कई बार मरम्मत भी किया जा चुका है और उसमें लगातार मरम्मत की आवश्यकता भी है। इस संबंध में विभाग के अधिकारी ने कहा कि दो कमरे का विश्राम गृह में परेशानी तो होती है। यहां पर कम से कम अतिरिक्त कक्ष और 10 कमरे के विश्राम गृह की आवश्यकता है जिसे पूर्ण किया जाना चाहिए। साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों ने भी कहा कि यहां कम से कम 10 कमरों का एक विश्राम गृह की आवश्यकता है एवं सबसे महत्वपूर्ण बात यह है अलग से जगह खोजने की आवश्यकता नहीं यहां 4 से 5 एकड़ जमीन लोक निर्माण विभाग के पास आरक्षित है पुराने कैंपस में निर्माण किया जा सकता है।

## लो वोल्टेज व कटौती को लेकर बिजली कार्यालय का घेराव आज

**मैनपुर।** जिले के मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र के लाखो लोग पिछले एक माह से लचर विघुत व्यवस्था के चलते बेहद परेशान हो गए है इस भीषण गर्मी में लगातार घंटो बिजली की कटौती और लो वोल्टेज से लोग कहरा उठे है इस समस्या के समाधान को लेकर कई बार बिजली विभाग के स्थानीय अधिकारियों सहित जिला अधिकारियों को अवगत कराया जा चूका है लेकिन अब तक समस्या का समाधान नही हुआ है जिसके कारण अपने पूर्व घोशणा अनुसार ब्लाक कांग्रेस कमेंटी मैनपुर द्वारा 28 अप्रेल दिन सोमवार को मैनपुर में लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ दुर्गा मंच में धरना प्रदर्शन के बाद बिजली कार्यालय का घेराव और पुतला दहन किया जायेगा जिसके लिए ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा लगातार बैठक आयोजित कर आन्दोलन को सफल बनाने क्षेत्र के जनता से अपील किया जा रहा है। ब्लाक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव ने बताया कि मैनपुर क्षेत्र की जनता बिजली कटौती और लो वोल्टेज से बेहद परेशान हो गए है। किसानों के धान व अन्य फसल सुखने के कगार पर पहुंच गए है और तो और बिजली आधारित व्यवसाय हालर मिल, फोटोकापी दुकान,इलेक्ट्रॉनिक दुकान, व्यसायी बेहद परेशान है। कांग्रेस नेताओं ने आगे बताया लचर बिजली व्यवस्था के कारण सरकारी कार्यालयों में भी काम काज प्रभावित हो रहा है छत्तीसगढ़ राज को सरप्लस बिजली वाला राज्य कहा जाता है यहां का बिजली दूसरे प्रदेश को बेचा जा रहा है लेकिन आज भी मैनपुर विकासखण्ड क्षेत्र में 40से 50 गांव पाराटोला में बिजली नही लगी है इन सभी मांगो को लेकर ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा उग्र आन्दोलन किया जा रहा है उन्होने सभी क्षेत्र के जनता से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।



## खबर संक्षेप

### दैवीय संपद स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित




**राजिम।** शासकीय दैवीय संपद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वी एवं 11वीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया जिसमें कक्षा 11 वाणिज्य के छात्र ललेंद्र साहू ने कक्षा 89/%6 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कक्षा 9वीं की छात्रा डिंपल पुरेना 89% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पर आई। गंगा साहू 82% द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कुमारी हिना साहू 76.%16 तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य मनहरण यदु, रूपकला डहरिया ने बधाई देते हुए आगे की पढ़ाई में लगन और कड़ी मेहनत कर अध्यपन कार्य में रूचि लेने कहा।

### डोहल स्कूल का परीक्षा परिणाम घोषित



**मैनपुर।** भारत माता हिंदी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं बीएचएन अंग्रेजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोहल में पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बढ़ चढ़कर पालकों ने भाग लिया। इस दौरान पालकों के समक्ष बच्चों के वार्षिक परीक्षा के परिणाम जारी किया गया व छात्रों की उपस्थिति, शैक्षणिक गुणवत्ता सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किया गया। इस दौरान छात्र -छात्राओं के पालकों को स्कूल प्रबंधन ने तिलक व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस दौरान स्कूल के संचालक मो.अख्तर खान, उप प्राचार्य हेमराज यदु, बालकिशोर कश्यप, कुंदन कश्यप, आशीष, रश्मिता यादव, संगीता कश्यप, यशवंती, प्रीति यदु, शिवानी, जानवी कश्यप, ऋतु कश्यप, खुशबू सोनी भावना अग्रवाल के साथ बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित रहे।

### हाईलोजन स्ट्रीट लाइट की हालत बदहाल



**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में 05 स्थानों पर लाखों रुपए की लागत से हाईलोजन स्ट्रीट लाईट लगाइ गई है इसकी स्थिति धीरे-धीरे बद से बदत्तर होती जा रही है। सुधार करने वाला कोई नहीं है दो स्थान लोकनिर्माण विभाग के सामने एवं एसडीएम कार्यालय के सामने की लाइट खराब हो गई है और रात को ऐसा आधा जलता हुआ नजर आता है।

**जयंती : संत कर्मा माता जयंती, वार्षिक उत्सव, सम्मान समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया**

# स्वयं की पहचान समाज और अंतर जातीय विवाह एक संवेदनशील मुद्दा : विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

साहू संघ परिक्षेत्र जामगांव के तत्वावधान में समाज की आराध्य देवी संत माता कर्मा की जयंती रविवार को धूमधाम से डोगेंश्वर धराधाम के अन्तर्गत ग्राम गुण्डरदेही में मनाया गया। मुख्यातिथि राजिम विधायक रोहित साहू थे। विधायक ने परिक्षेत्र जामगांव साहू वार्षिक परिवार समाज सम्मेलन, संत माता कर्मा जयंती एवं प्रतिभावान छात्रों के सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह कथन सत्य है कि समाज ही आपकी पहचान है। इसका अर्थ है कि आपका व्यक्तिगत अस्तित्व और पहचान, समाज में आपकी भूमिका, आपके संबंध और आपकी संस्कृति सभ्यता से प्रभावित होते हैं, समाज आपको सिखाता है, प्रभावित करता है, और आपकी सोच और व्यवहार को आकार देता है। समाज आपके मूल्यों, आपकी मान्यताओं और आपके कार्यों को प्रभावित करता है। यह आपको सिखाता है कि कैसे दूसरों के साथ व्यवहार करना है, समाज के बनाए नियम और कानूनों का पालन करना है, और समाज में योगदान करना है। युवक युवतियों को पारिवारिक और सामाजिक मर्यादा सिखाना बहुत महत्वपूर्ण है। इसमें परिवार के नियमों का पालन करना, दूसरों के साथ सम्मान से पेश आना, और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझना शामिल है। यह उन्हें एक स्वस्थ और सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करेगा। यह तभी सम्भव है जहां हम वार्षिक कार्यक्रम रखते हैं वो वार्षिक परिवार मिलन उत्सव शामिल हो, जिसमें पालक या माता-पिता अपने नौजवान युवक- युवती को साथ लाएं। इस दौरान प्रमुख अतिथि उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ भुनेश्वर साहू, साहू संघ जिला अध्यक्ष नारायण साहू, अध्यक्ष राभम समिति लाला साहू, जिला साहू संघ सरक्षंक कुंजन साहू, अध्यक्ष साहू संघ तहसील रामजी साहू, महासचिव जिला हेमन्त साहू, सरक्षंक राभमं डॉ. रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष राभमं डॉ. गंगाराम साहू, जिला सलाहकार कुंजबिहारी साहू, उपाध्यक्ष जिला युवा मौर्चा राजु साहू, महासचिव मिंजुन साहू, जिला अध्यक्ष कार्यकार्णी विष्णु राम साहू, डॉ. महेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढी, अध्यक्ष जनपद पंचायत फिगेंश्वर इद्राणी नेहरू, सभापति मंजु कमलेश, सभापति डॉ. दिलीप साहू सरपंच गुण्डरदेही ज्योति बघेल, सरपंच बोरिद हूमन राजकुमार सिन्हा, सरपंच सरकडा अमिता मनोज यदू थे।





### विधानसभा में 12 विधायक साहू समाज से

विधायक साहू ने बताया कि विधानसभा में 12 विधायक साहू समाज से है, विधायक किसी भी पार्टी से हो लेकिन 12 साहू समाज का विधायक गौरवान्वित महसूस करता है। ये समाज की एक जुटता को प्रदर्शित करता है। गुण्डरदेही में 10 लाख की टीना से स्वीकृत है, सोनाई रूपाई सड़क का बजट में शामिल हैं डीपी आर तैयार किया जा रहा है। वहीं समाज की मांग पर ग्राम पंचायत बोरिद डोगेंश्वर धाम में टीना शेड 15 लाख, स्मार्ट सर्वसुलभ शौचालय 5 लाख, संत कर्मा माता मंदिर निर्माण व्यक्तिगत अनुदान 20 हजार गुण्डरदेही पंचायत के मुक्तिधाम, जनसंपर्क राशि महिला समीति दस हजार की मंच से घोषणा किए गए। इस घोषणा से साहू समाज, पंचायत प्रतिनिधियों ने खुशी जाहिर करते हुए विधायक को धन्यवाद कहा है।

### महिलाओं ने कलश धारण कर निकाली शोभायात्रा

ग्राम साहू समाज गुण्डरदेही द्वारा महिलाओं व युवतीयों ने सिर कलश धारण भव्य शोभायात्रा निकाली। यात्रा कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर स्वागत कर संत कर्मा माता की अतिथियों के साथ महारती किया गया। साहू संघ परिक्षेत्र द्वारा आगन्तुको अतिथियों का गजमाला, फूल, गुलदस्ता से मंच में स्वागत किया गया। जिसमें अध्यक्ष साहु समाज परिक्षेत्र जामगांव मनोहर राम साहू, हंसराम साहू, महेश कुमार साहू, जनक राम साहू, पुरूषोत्तम साहू, पन्ना लाल साहू, खोरबाहरा साहू, गुपेश साहू कुंती साहू राधेश्याम साहू, आनंद राम साहू, पोषण साहू, सतू राम साहू, जागेश्वर साहू, अशोक साहू, त्रिवेणी साहूकार, कौशल साहू, सरपंच रचकट्ठी युधिष्ठिर, सरपंच लचकेरा अरूण ध्रुव, सरपंच भेड्री सविता चुम्मन सिन्हा, सरपंच सरकंडा अमिता मनोज यदु, सरपंच बोरिद हूमन राजकुमार सिन्हा, सरपंच जामगांव रेणुका डहरे, सरपंच खैरझिटी बोगेश्वरी शुक्ला, प्रकाश राजिम, गोवर्धन साहू बोरसी, जगदीश साहू कौंदकेरा, प्रवीण साहू बेलर, कमलेश कोपरा, रूपसिंह साहू सोरिद, नारायण भसेरा, मवानीशंकर राजिम, फिगेंवर उमा साहू, भुवन साहू, सतू राम, पूर्व सरपंच अरूण सिन्हा जामगांव, अरूण साहू बेलर, राजकुमार सिन्हा, ओमप्रकाश सिन्हा हरिश साहू, तुलाराम, राकेश इत्यादि उपस्थित स्वागत में शामिल थे।

## शिक्षक डिगेश्वर नवाजतन वारियर्स सम्मान से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

शासकीय प्राथमिक विद्यालय खेड़ीटिकरा विकासखंड गरियाबंद जिला गरियाबंद में कार्यरत शिक्षक डिगेश्वर कुमार साहू को 26 अप्रैल को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं सक्रिय कार्य के लिए फलन वारियर्स सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डिपीआई उप संचालक आसुतोष चावरे सर एवं अतिरिक्त संचालक योगेश शिवहरे सर SCERT रायपुर द्वारा द्वारा प्रशस्ति पत्र, ट्रॉफी प्रदान करते हुए काइट विश्व विद्यालय रायपुर हाल में शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित एवं नवाचारी गतिविधियां करने हेतु सम्मानित किया गया। पूरे छत्तीसगढ़ से इस कार्य के लिए 100 शिक्षकों को चिन्हित कर सम्मानित किया गया। डिगेश्वर साहू अध्ययन अध्यापन में बच्चों के सहज एवं सरल समझ बनाने के लिए विभिन्न नवाचारी गतिविधियां, बेटी बचाओ अभियान, स्वच्छता अभियान, पेड़ लगाओ अभियान, शिक्षक द्वारा कोरोना काल के समय नियमित रूप से बच्चों



जुड़े रहे। आनलाइन क्लास एवं आफलाइन मोहल्ला क्लास शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए जिसके कारण विद्यालय से 11 से अधिक बच्चों का उत्कृष्ट विद्यालय एकलव्य, जवाहर में चयनित हुए हैं। कबाड़ से जुगाड़ सहायक शिक्षण सामग्री निर्माण कर शिक्षक द्वारा NEP 2020 के अनुसार अपने शाला में कक्षा पहली के बच्चों के लिए जादुई पिटारा निर्माण किया गया है जिससे बच्चे बहुत ही रूचि के साथ उपयोग करते हैं।



## मोहन लाल बने सेन समाज के अध्यक्ष

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ढेडही पार देशहा सेन समाज मुड़ागांव खोपली पाठ परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन ग्राम रानीपरतेवा में संपन्न हुआ। जिसमें सेन समाज का पुनर्गठन किया गया जिसमें नव निर्वाचित पदाधिकारी का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष मोहन लाल सेन रानीपरतेवा, उपाध्यक्ष ललितराम सेन रानीपरतेवा, कोषाध्यक्ष लच्छन सेन कोरासी, सचिव जयपाल सेन रानीपरतेवा, सहसचिव महेश सेन मुड़ागांव, सलाहकार तीजुराम सेन पंक्तियां, संगठन मंत्री ईश्वर सेन रानीपरतेवा एवं पंचगण चुन्नु राम सेन कोरासी, मुकेश सेन कनेसर, पीलसिंग सेन रानीपरतेवा, नारायण सेन मुड़ागांव को सर्वसम्मति से चुनाव कर बनाया गया जिसमें समाज सेवक लेखराज सेन रानीपरतेवा को बनाया गया।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया मन की बात का सामूहिक श्रवण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 121वीं एपिसोड मन की बात का लाइव प्रसारण एल ईडी के माध्यम से नवापारा भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा के निवास स्थान में सुना गया। इस दौरान मोदी जी के सारगर्भित उदबोधन चंद्रयान-2 के बाद चंद्रयान 3 की सफलता,देश गगनयान,चंद्रयान के क्षेत्र में कार्य करने में जुटा है, स्पेस स्टाटअप में युवाओं की भागीदारी,म्यांमार में भूकंप से आहत हुए लोगों पीड़ितों के लिए भारतीयों द्वारा ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया। जिससे तात्कालिक रूप से भारत के वैज्ञानिको, डॉक्टरों व अन्य लोगों की एक टीम बनाकर आपरेशन ब्रम्हा के द्वारा भूकंप के पीड़ितों की



सहायता किया। जिनकी वजह से भारतीयों के ऑपरेशन ब्रह्मा का तारीफ एवं धन्यवाद भी किया गया तथा पहलगाम आतंकी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए, आतंकियों के खिलाफ ठोस निर्णय लेने की बात कही,इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सारगर्भित उदबोधन को सुना गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नगर पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र बल्लू सोनी,पार्षद रवि साहू,जागेश्वर यादव,सहदेव कंसारी,नम्मु ध्रुव,निर्मला-धीरज साहू, जीना निषाद,सौरभ सिंटू जैन,महेंद्र साहू,प्रांजल वर्मा,संजीव सोनी, राजू रजक सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संत शिरोमणि सेन जी महराज की जयंती उल्लास के साथ मनाई गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

ग्राम पोंड़ में सेन समाज के परिक्षेत्र भवन में संत शिरोमणि सेन जी महराज की 725वीं जन्म जयंती डेवढ़ीपार देशहा सेन समाज अभनपुर परिक्षेत्र द्वारा मनाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लेखराम सेन ने सेन जी महराज की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर पूरे सेन समाज को जयंती की बधाई देते हुए कहा कि एकता में बड़ी ताकत है। ऐसे मौके पर सामूहिक एकजुटता बहुत जरुरी है। तत्पश्चात पहलगाम में हुए आतंकी में मारे गए लोगों को दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन मनोज सेन ने किया। उक्त कार्यक्रम में अभनपुर परिक्षेत्र के उपाध्यक्ष मनोज सेन,



सचिव हुमेश सेन, कोषाध्यक्ष मनोज सेन, ऑडिटर महेन्द्र सेन, व्यवस्थापक रामकुमार सेन, मीडिया प्रभारी युवराज सेन, गजानंद सेन, गंगाराम सेन, संतु सेन, हेमन्त सेन सहित परिक्षेत्र के अन्य पदाधिकारी शामिल रहे। उक्त जानकारी हुमेश सेन सचिव डेवढ़ीपार देशहा सेन समाज अभनपुर परिक्षेत्र ने दी।

## बेलटुकरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

शासकीय प्राथमिक शाला एवं आबादीपारा स्कूल बेलटुकरी में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बासन खड़िया प्रधानपाठक थे। अध्यक्षता संध्या अवसरिया ने की। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चना करने के बाद शिक्षिका सविता गुप्ता ने आंगनबाड़ी से लेकर कक्षा पहली व दूसरी के बच्चों को घर पर ही माता द्वारा शिक्षा के न्यूनतम स्तर को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से सिखाए जाने के लिए प्रेरित किया। इस



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों को माता के द्वारा समूह बनाकर बच्चों के सीखने सिखाने में उनका मदद किया गया जो काफी ही रोचक वह आनंददायक रहा। सोमती यादव, ललिता साहू तथा आबादी पारा बेलटुकरी से महेश्वरी तारक व सावित्री तारक को स्मार्ट माता से सम्मानित किया गया। तेजराम साहू ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में युवराज देवांगन उपाध्यक्ष एस.एम.सी., भगवती पटेल शिक्षिका,आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चित्रलेखा साहू, ललिता साहू, नंदिनी साहू ओमबाई साहू, कीरतू साहू, डोमार साहू शाहिद अनेकों माताओं की उपस्थिति रही।

**मटकी 80 व सुराही 120 रुपए में बिक रहा**

## गर्मी में बढ़ी मिट्टी के मटकों और सुराही की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

गर्मी के इस सीजन में देशी फ्रिज मतलब मिट्टी के मटके, सुराही एवं पक्षियों को पानी देने के छोटे-छोटे बर्तन बाजार में उपलब्ध है। बढ़ती गर्मी के साथ मिट्टी के बर्तनों की मांग भी बढ़ने लगी है। नवापारा सदर रोड के कुम्हार हटरी में स्थानीय कुम्हारपारा की महिलाएं मटकी, सुराही, दीया, चुकली, गुल्लक, बच्चों के मिट्टी से बने खिलौने ,मिट्टी के कुकर, एवं शादी में उपयोग होने वाले कलश के पसरे लगाकर मिट्टी से बने बर्तन बेचते हुए नजर आ रहे है। कुम्हार जाति के लोगों का परंपरागत कार्य मिट्टी से बने बर्तन, एवं मिट्टी के ईट बनाने का है। किंतु संसाधनों, सुविधाओं एवं काम के उचित मूल्य न मिल पाने के अभाव में कुम्हार जाति की कला अब धीरे- धीरे विलुप्त हो रही है। वर्षों से नवापारा के कुम्हार मिट्टी से बने बर्तन बनाने के काम में लगे हुए है। पूरा का पूरा



परिवार मिट्टी की गूंथाई एवं बर्तन बनाने के काम में लगी रहती हैं। महिलाओं ने बताया कि चिकनी मिट्टी से मटके एवं सुराही बनाई जाती है। मिट्टी को पीट-पीटकर मटके के आकार में ढाला जाता है। सारा काम हाथों से होता है। फिर कच्ची मटकी को छांव में सुखाकर रंग चढ़ाया जाता है। सूखने के पश्चात 24 से 36 घंटे तक पकाया जाता है। तब जाकर मटकी या सुराही तैयार होती है। एक मटकी बनाने एवं मेहनत की लागत 50 से 60 रुपए तक आता है। उस अनुपात में मुनाफा नहीं मिल पाता। चूंकि यह उनका परंपरागत कला एवं कार्य है लिहाजा इस कार्य से पूरा परिवार जुड़ा हुआ है। मिट्टी के बर्तन बनाने में टूट-फूट की संभावना भी अधिक रहती है। बाजार में मटकी 80 से 150 रुपए एवं सुराही 120 से 200 रुपए तक उपलब्ध है। मालूम हो कि ये कलाकार गणेशजी की मूर्ति, दुर्गा जी की मूर्ति एवं अन्य मिट्टी के बर्तन बनाने की कला में निपुण है।



